भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †2677

सोमवार, 17 मार्च, 2025/26 फाल्गुन, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

चिकित्सा पर्यटन क्षेत्र का विकास

†2677. श्री जी. सेल्वम:

श्री नवसकनी के.:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा दे रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में विशेषकर तमिलनाडु में आने वाले चिकित्सा पर्यटकों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान चिकित्सा उपचार के लिए देश में आने वाले विदेशी पर्यटकों से राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार कुल कितनी आय अर्जित हुई;

(घ) क्या सरकार देश के छोटे/टियर-2 शहरों में चिकित्सा पर्यटन केंद्र विकसित करने के लिए कोई कदम उठा रही है और यदि हां, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या निजी चिकित्सा क्षेत्र के विनियमन के लिए चिकित्सा पर्यटन से संबंधित कोई नीति है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान विपणन विकास सहायता योजना के अंतर्गत वेलनेस पर्यटक सेवा प्रदाताओं और मेडिकल पर्यटक सेवा प्रदाताओं को दी गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (च): चिकित्सा पर्यटन सहित पर्यटन स्थलों और उत्पादों का विकास और संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। मंत्रालय विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से चिकित्सा पर्यटन सहित देश के विभिन्न पर्यटन उत्पादों को विकसित और उन्हें बढ़ावा देकर राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अवगत कराया गया है कि उसके द्वारा भारत में चिकित्सा उपचार का लाभ उठाने के इच्छुक लोगों के लिए मेडिकल वैल्यू ट्रैवल (एमवीटी) हेतु भारत का आधिकारिक पोर्टल लॉन्च किया गया है। इस पोर्टल से भारत में अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा

यात्रियों की जानकारी और रोगी यात्रा को सुव्यवस्थित बनाने में मदद मिलती है। इस पोर्टल पर वेब-लिंक https://healinindia.gov.in के माध्यम से पहुंचा जा सकता है।

विदेशी नागरिकों को चिकित्सा उपचार के लिए भारत की यात्रा को सुगम बनाने के लिए, भारत सरकार ने ई-मेडिकल वीजा/ई-मेडिकल अटेंडेंट वीजा सुविधा प्रदान की है।

पिछले 5 वर्षों के दौरान चिकित्सा उद्देश्य से विदेशी पर्यटकों का वर्षवार कुल आगमन नीचे दिया गया है:

वर्ष	चिकित्सा प्रयोजन (हजार में)
2020	183
2021	324
2022	475
2023	659
2024 (*)	625

स्रोत: ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन (बीओआई), *: अनंतिम

पर्यटन मंत्रालय राज्यवार प्रयोजनवार विदेशी पर्यटकों के आगमन और चिकित्सा पर्यटन के कारण अर्जित राजस्व संबंधी आंकड़ों का रख-रखाव नहीं करता है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा यह अवगत कराया गया है कि भारत सरकार ने टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्वास्थ्य सेवा संबंधी अवसंरचना निर्माण के लिए ऋण हेतु विशेष प्रावधान किए हैं।

*****